महादेव आनलाइन सट्टा ऐप के 33 ठिकानों पर छापे

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध अहनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफहर्म महादेव अहनलाइन बुक ऐप के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह राज्यों में ३३ ठिकानों पर छापेमारी की है। ये छापे ऐप के पैनल संचालकों के परिसरों पर मारे गए।सीबीआई ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में मुख्य आरोपी और ऐप के प्रमुख प्रमोटर सौरभ चंद्राकर से पूछताछ में मिले खुलासों के आधार पर यह कार्रवाई की गई। चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित कराए जाने के बाद एक नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।जांच एजेंसी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कई स्थानों पर सट्टेबाजी और जुए के पैनल सक्रिय मिले, जिन्हें बंद करा दिया गया। इस दौरान डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद कर जब्त किए गए हैं। इन दस्तावेजों से म्यूल बैंक खातों और हवाला नेटवर्क के इस्तेमाल के संकेत मिले हैं।सीबीआई ने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार से जांच स्थानांतरित होने के बाद महादेव अहनलाइन बुक ऐप मामले में दो प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। जांच में सामने आया है कि इस प्लेटफहर्म का संचालन विदेश स्थित मुख्य कार्यालय से किया जाता है, जबकि भारत में इसका नेटवर्क बड़े पैमाने पर पैनल संचालकों के जरिये चलाया जाता है।

विदेश से आए पार्सल में १०.८ किलो एम्फेटामिन जब्त

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने नयी दिल्ली के विदेश डाकघर में कार्रवाई करते हुए १०.८ किलोग्राम एम्फेटामिन जब्त किया है। प्रतिबंधित मादक पदार्थ यूरोपीय देश से कपड़ों के पार्सल में छिपाकर भेजा गया था।खुफिया सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने संदिग्ध पार्सल की जांच की। इसमें कपड़ों के कार्टन के चारों किनारों में छिपाए गए आठ प्लास्टिक पैकेट मिले। गुलाबी रंग के पाउडर की जांच में एम्फेटामिन की पुष्टि हुई। सभी पैकेट एनडीपीएस अधिनियम, १९८५ के तहत जब्त कर लिए गए हैं। डीआरआई ने तस्करी के पीछे सक्रिय अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है।

राष्ट्रीय हित ही विदेश नीति का मार्गदर्शक : जयशंकर

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने कहा है कि यूक्रेन और खाड़ी क्षेत्र सहित दुनिया में तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय हालात के बीच भारत के राष्ट्रीय हित ही उसकी विदेश नीति का मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक घटनाक्रम पर अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेगा।शनिवार को नयी दिल्ली में एक निजी मीडिया संस्थान के शिखर सम्मेलन में बोलते हुए जयशंकर ने कहा कि दुनिया इस समय जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों से गुजर रही है। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है, शक्ति संतुलन बदल रहा है और अंतरराष्ट्रीय नियम कमजोर पड़ रहे हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव सहित बड़े युद्धों और संघर्षों ने वैश्विक स्थिरता के सामने गंभीर चुनौतियां खड़ी की हैं।विदेश मंत्री ने कहा कि दुनिया का ऊर्जा परिदृश्य भी काफी बदल गया है। ऊर्जा, तकनीक, सैन्य क्षमता और राजनीतिक परिस्थितियों के मेल ने देशों के बीच जोखिम उठाने की प्रवृत्ति बढ़ा दी है।भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जयशंकर ने कहा कि कुछ शेष मुद्दों का समाधान होते ही इस समझौते को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है।

कुलगाम हमले के बाद 500 से ज्यादा संदिग्ध हिरासत में

श्रीनगर (एजेंसी)। कश्मीर घाटी में आतंकियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक जीपी सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को शनिवार को और मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आतंकियों और उनके मददगारों को खत्म करने के लिए सुरक्षा बलों को पूरी तरह सतर्क रखा जाए। साथ ही अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों के बीच तालमेल बढ़ाने और हर समय ऑपरेशन के लिए तैयार रहने पर जोर दिया। जीपी सिंह ने श्रीनगर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में सुरक्षा और ऑपरेशन की समीक्षा के लिए बैठक की। यह बैठक दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में सीआरपीएफ की एक पोस्ट पर हुए हमले के तीन दिन बाद हुई है। इस हमले में सीआरपीएफ के तीन जवान घायल हो गए थे।



सीआरपीएफ के महानिदेशक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरे कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियान लगातार तेज किए जाएं। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के साथ सुरक्षा बलों के बीच रियल टाइम कॉर्डिनेशन बेहतर बनाने को भी कहा। बैठक में घाटी में लंबे समय तक आतंकवाद विरोधी अभियान जारी रखने और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। अधिकारियों के मुताबिक, आतंकियों के साथ-साथ उनके मददगार नेटवर्क को निशाना बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

इस बीच, कुलगाम में सीआरपीएफ पोस्ट पर हुए हमले के बाद सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने पिछले तीन दिनों में पूछताछ के लिए 500 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया है। घाटी में सक्रिय आतंकी लतीफ अहमद भट की भूमिका की भी जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वह लश्कर-ए-तैयबा के विदेशी आतंकियों के किसी समूह में शामिल हो गया है या उसने स्थानीय युवाओं की भर्ती करके अपना नया मॉड्यूल तैयार किया है। हालांकि, इस संबंध में अभी स्थिति स्पष्ट नहीं हुई है। सुरक्षा एजेंसियां हमले के पीछे सक्रिय नेटवर्क और आतंकियों के संभावित ठिकानों का पता लगाने में जुटी हैं।

समीक्षा बैठक के दौरान सीआरपीएफ डीजी ने सितंबर 2026 में मध्य कश्मीर के बडगाम में चलाए गए 2 सफल अभियानों ऑपरेशन अशधर और ऑपरेशन कोराग में शामिल जवानों को सम्मानित भी किया। इन दोनों अभियानों में विदेशी मूल के लश्कर-ए-तैयबा के 2 आतंकी मारे गए थे। जीपी सिंह ने चुनौतीपूर्ण भौगोलिक परिस्थितियों और मुश्किल इलाकों में जवानों के साहस, पेशेवर तरीके से काम करने और ऑपरेशन में दिखाई गई दक्षता की तारीफ की। उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गए ऐसे अभियानों से इलाके में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है।

135 प्रशिक्षु आईपीएस से गृह मंत्री अमित शाह का संवाद

नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को नयी दिल्ली में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 78वें नियमित भर्ती बैच (आरआर) के 135 प्रशिक्षु अधिकारियों से संवाद किया। अमित शाह ने प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों के साथ मौजूदा समय में राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को कैसे मजबूत किया जाए, आदि मुद्दों पर चर्चा की।



78वें नियमित भर्ती बैच का बुनियादी प्रशिक्षण 8 दिसंबर 2025 को प्रारंभ हुआ था। इसके बाद 17 अक्टूबर 2026 को चरण-द्व प्रशिक्षण का समापन पासिंग आउट परेड के साथ हुआ। गृह मंत्री अमित शाह के साथ यह संवाद प्रशिक्षु अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक अवसर रहा। इस अवसर ने भावी पुलिस नेतृत्व को राष्ट्रीय सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, पुलिस प्रशासन तथा जनसेवा के क्षेत्र में अपनी भावी जिम्मेदारियों के प्रति दृष्टिकोण विकसित करने का विशिष्ट मंच प्रदान किया। यह संवाद प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारियों में कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशीलता, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने केंद्रीय गृह मंत्री के साथ सीधा संवाद किया। वर्तमान समय की पुलिसिंग को किस तरह से प्रभावी बनाया जा सकता है, पुलिस के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून व्यवस्था से परे भी अनेकों चुनौतियां हैं, इन विषयों पर सवाल जवाब हुए। साइबर क्राइम और ड्रग्स को कैसे खत्म किया जाए, इनके पीछे का आर्थिक तंत्र कैसे काम करता है, आदि विषयों को लेकर गृह मंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों के साथ संवाद किया।

तेलंगाना के गिग वर्कर्स को बड़ा तोहफा

हैदराबाद (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज (शनिवार को) तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी के साथ शिल्पा रामम से जयाभेरी ग्राउंड तक निकाली गई गिग वर्कर्स की बाइक रैली में शिरकत की। इस दौरान तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम का शुभारंभ भी किया गया। गिग वर्कर्स को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कुछ समय पहले तेलंगाना गिग वर्कर्स के साथ मीटिंग हुई थी। उस दौरान, गिग वर्कर्स ने मुझे अपनी दिक्कतें बताई थीं।

राहुल गांधी ने आगे कहा, %उस वक्त गिग वर्कर्स की मांगों को पूरा करने का वादा किया गया था। इस वादे को आज हम पूरा कर रहे हैं। 21वीं शताब्दी डेटा की है, पूरे विश्व में डेटा की बात होती है। बड़ी-बड़ी कंपनियां डेटा की ताकत पर चल रही हैं लेकिन भारत में गिग वर्कर्स का डेटा, गिग वर्कर्स को ही नहीं मिलता था। अब तेलंगाना गिग वर्कर्स सोशल सिक्योरिटी एंड वेलफेयर स्कीम से आपको अपने डेटा पर हक मिलेगा। आप अपने काम का पूरा डेटा देख पाएंगे।राहुल गांधी बोले कि तेलंगाना के शहरों में भयानक गर्मी में गिग वर्कर्स दिनभर स्कूटर पर चलते हैं और डिलीवरी करते हैं लेकिन उनके आराम करने के लिए कहीं कोई जगह नहीं होती है। इसलिए, तेलंगाना की सरकार ऐसे रेस्ट जोन बनाने जा रही है, जहां वाई-फाई की सुविधा होगी। हैदराबाद और राज्य के अन्य सभी शहरों में गिग वर्कर्स गाड़ी पार्क कर सकते हैं, रेस्ट कर सकते हैं, बैठ और सो सकते हैं।

इंदौर में पाकिस्तान की किडनी किलर गोरी क्रीम बैन

इंदौर (एजेंसी)। नागपुर में पाकिस्तान की गोरी क्रीम के इस्तेमाल से 18 महिलाओं की किडनी प्रभावित होने का मामला सामने आने के बाद अब मध्यप्रदेश के इंदौर में भी औषधि विभाग ने कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी फेयरनेस क्रीम को बैन कर दिया है। विभाग की टीम ने इच्छापुर और रानीपुरा मार्केट स्थित दो अलग-अलग ठिकानों पर छापामार कार्रवाई करते हुए पाकिस्तानी फेयरनेस क्रीम के करीब 315 पैकेट जब्त किए हैं। कार्रवाई द ब्यूटी बार और पद्मश्री एजेंसी पर की गई है। जब्त क्रीम के सैंपल जांच के लिए लैबोरेट्री भेजे गए हैं। वहीं, दुकानदारों ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए दावा किया है कि उनके पास मौजूद क्रीम पाकिस्तान की नहीं, बल्कि हरियाणा में निर्मित है।नागपुर में पाकिस्तान की गोरी क्रीम के इस्तेमाल से 18 महिलाओं की किडनी प्रभावित होने का मामला सामने आने के बाद इस प्रोडक्ट को लेकर देशभर में चिंता बढ़ गई है। भोपाल के बाद अब इंदौर में भी औषधि विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। विभाग ने इच्छापुर और रानीपुरा मार्केट स्थित दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई करते हुए करीब 315 क्रीम जब्त की हैं।



पीयूष गोयल आज से मिस्र के दो दिवसीय दौरे पर

(आज समाचार सेवा)

नयी दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल १५ और १६ नवंबर को मिस्र की आधिकारिक यात्रा करेंगे। इस दौरान भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार, निवेश, औद्योगिक सहयोग और कारोबारी संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा होगी।

यात्रा के दौरान १५ नवंबर को काहिरा में भारत-मिस्र संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) का सातवां सत्र आयोजित होगा। इसकी सह-अध्यक्षता पीयूष गोयल और मिस्र के निवेश एवं विदेश व्यापार मंत्री डह. मोहम्मद फरीद सालेह करेंगे। बैठक में बाजार तक पहुंच, गैर-शुल्क बाधाओं, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि, इंजीनियरिंग, कपड़ा, रसायन, नवीकरणीय ऊर्जा और लहजिस्टिक्स सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार होगा।इस यात्रा में भारत-मिस्र संयुक्त व्यापार परिषद की बैठक और बिजनेस फोरम भी आयोजित किया जाएगा। इनमें भारत के १३० से अधिक मुख्य कार्यकारी अधिकारी और वरिष्ठ उद्योग प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। गोयल मिस्र के वरिष्ठ मंत्रियों, प्रमुख उद्योगपतियों और अफ्रीकन एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे।दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में तेजी आई है। अप्रैल से सितंबर २०२६ के दौरान द्विपक्षीय वस्तु व्यापार ५.०४ अरब डहलर पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से ६४ प्रतिशत अधिक है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

प्रत्यक्षदेव सूर्य को...

खरना का प्रसाद ग्रहण करने के लिए व्रतियों के घरों पर देर रात तक श्रद्धालु नर-नारियों की गहमा-गहमी रही। इनमें सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु थे। खरना को लोहंडा भी कहा जाता है। इसका प्रसाद ग्रहण कर श्रद्धालु अपने आपको धन्य मान रहे थे।

चार दिवसीय लोकपर्व के तीसरे दिन व्रती नदियों, सरोवरों, झीलों एवं अन्य पवित्र जलस्रोतों में सामूहिक रूप से पानी में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ देंगे। देवी-देवताओं में सूर्य एकमात्र ऐसे देव हैं, जो हर दिन प्रत्यक्ष रूप से दर्शन देते हैं। इसीलिए, उन्हें प्रत्यक्षदेव कहा जाता है। सूर्य अक्षय ऊर्जा के स्रोत है। वही सृष्टि का कल्याण करते हैं। इसे महज संयोग ही कहेंगे कि उन्हें पहला अर्घ उन्हीं के दिन रविवार को पड़ेगा। रविवार को सूर्य का दिन कहा गया है। इस दिन का नाम भी सूर्य के नाम पर ही है। सूर्य का एक नाम रवि है।

अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ देने के लिए आने वाले व्रतियों के स्वागत में घाट पूरी तरह से तैयार हैं। उन्हें डुबकी देने के लिए जलस्रोत निर्मलता का एहसास करा रहे हैं। राजधानी पटना के गंगाघाटों सहित राज्य भर में सभी प्रमुख नदियों के घाटों पर व्रतियों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों की सुविधा के लिए छठ पूजा समितियां सक्रिय होकर प्रशासन को सहयोग कर रही हैं। राजधानी सहित राज्य के विभिन्न हिस्सों में सूर्यदेव की मूर्ति भी लगायी गयी है। बहरहाल, सोमवार को उदयाचल सूर्य को अर्घ देने के बाद व्रतियों का छत्तीस घण्टे का निर्जला उपवास पारण के साथ समाप्त होगा। इसके साथ चार दिवसीय लोकपर्व का समापन होगा।

खैर, छठ के महात्म्य का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पुराणों के अनुसार सूर्य स्वयं भगवान् का रूप हैं। विष्णु सहस्रणाम् के 38वें श्लोक में कहते हैं - अह: संवर्तको वह्निरनिलो धरणीधर:। अर्थात् विष्णु ही सूर्य रूप से दिन के प्रवर्तक हैं। हवा और अग्नि भी वही हैं। श्रीमद्भागवत महापुराण में सृष्टि की उत्पत्ति के संबंध में बताया गया है कि विराट् पुरुष से सूर्य प्रकट हुए। ब्रह्मवैवर्त पुराण में हिमालय शिव की स्तुति करते हुए कहते हैं कि सूर्य आप ही हैं। इस तरह हम सूर्य को आदिदेव कहते हैं। इनकी आराधना करते हैं।

श्रीमद्भागवत के मुताबिक मायापति भगवान् को जब एक से अनेक होने की इच्छा हुई तो उन्होंने अपने स्वरूप में काल, कर्म और स्वभाव को स्वीकार किया। जिससे तीन प्रकार के अहंकार - वैकारिक, तैजस और तामस-उत्पन्न हुआ। वैकारिक अहंकार से मन और इन्द्रियों के दस अधिष्ठात्री देवताओं की उत्पत्ति हुई। उनके नाम हैं - दिशा, वायु, सूर्य, वरुण, अश्विनी कुमार, अग्नि, इन्द्र, विष्णु, मित्र और प्रजापति। पद्मपुराण में वर्णन आता है - वैशम्पायनजी के पूछने पर व्यासजी कहते हैं कि सूर्य ब्रह्म के स्वरूप से प्रकट हुआ। यह ब्रह्म का ही उत्कृष्ट तेज है। यह धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष - चारों पुरुषार्थों को देनेवाला है। सूर्य ने ही लोकों का उत्पादन और पालन किया है। सबके रक्षक होने के कारण इनकी समानता करने वाला कोई नहीं है। सन्ध्योपासना के समय ब्रह्मवेत्ता ब्राह्मण अपनी भुजाओं को ऊपर उठकर सूर्यदेव का उपस्थान करते हैं और समस्त देवताओं द्वारा पूजित होते हैं। सूर्य की उपासना करने से मनुष्य सभी रोगों से छुटकारा पा जाता है और वह अंधा, दरिद्र, दु:खी और शोकग्रस्त नहीं होता है। श्री विष्णु सहस्रणाम् के 107 वें श्लोक से और स्पष्ट होता है कि आकाश में गमन करने वाले, स्वयं प्रकाश स्वरूप, सुंदर रुचि और कान्ति वाले, यज्ञ में हवन की गई वस्तुओं का भक्षण करने वाले, सर्वव्यापी, रवि, सर्वत्र प्रकाश फैलाने वाले, सूर्य, सविता, रविलोचन - ये सब विष्णु के नाम हैं। इस तरह स्पष्ट है कि सूर्य भगवान् श्री हरि के ही अंश हैं।ब्रह्मवैवर्त महापुराण के अनुसार अपने भक्तों को प्रत्यक्ष दर्शन देनेवाली तथा सबके लिए सम्पूर्ण कार्यों में पूजा प्राप्त करने की अधिकारिणी तथा स्वामी कार्तिकेय की प्राणप्रिया देवी ही षष्ठी देवी हैं। इसीलिए इन्हें छठ मैया भी कहते हैं। महाराज प्रियव्रत ने षष्ठी देवी की आराधना की थी और इनके प्रसाद से यशस्वी पुत्र प्राप्त किया था।

मैट्रिक-इंटर सेंटअप...

सेंटअप परीक्षा 23 से 27 नवंबर तक आयोजित की जाएगी। इसकी प्रायोगिक परीक्षा 28 नवंबर को होगी।जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय ने जिले के राजकीय एवं राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रधानाध्यापकों को सेंटअप परीक्षा की तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया है। जारी सूचना के अनुसार, कक्षा 10वीं और 12वीं के सेंटअप परीक्षा के प्रश्नपत्र संबंधित पूर्व निर्धारित केंद्र से प्राप्त करने होंगे।उत्तर पुस्तिकाएं राजकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय, राजेंद्र नगर, पटना से 17 और 18 नवंबर को सुबह 10ः30 बजे से प्राप्त करनी होंगी। डीईओ कार्यालय ने इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है।दोनों परीक्षाएं दो पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली सुबह 9ः30 से दोपहर 12ः45 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर दो से शाम 5ः15 बजे तक चलेगी।विद्यार्थियों को दोनों पालियों में प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त आरंभिक समय दिया जाएगा। स्पास्टिक, दृष्टिबाधित और वैसे दिव्यांग परीक्षार्थी जो स्वयं लिखने में असमर्थ हैं, उन्हें लेखक रखने की अनुमति होगी।ऐसे परीक्षार्थियों को निर्धारित समय के अतिरिक्त प्रति घंटे 20 मिनट का क्षतिपूर्ति समय दिया जाएगा। बोर्ड के अनुसार, पूर्ववर्ती, कंपार्टमेंटल एवं इंप्रूवमेंट श्रेणी के विद्यार्थियों को सेंटअप परीक्षा में शामिल नहीं होना है।वहीं, सेंटअप परीक्षा में अनुपस्थित या अनुत्तीर्ण रहने वाले विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा का एडमिट कार्ड जारी नहीं किया जाएगा।

हवाई किराया...

हस्तक्षेप की मांग की है। सीटीआई के चेयरमैन बश्जेश गोयल ने आरोप लगाया कि विमानन कंपनियां त्योहार और शादी के सीजन का फायदा उठाकर मनमाना किराया वसूल रही हैं। उन्होंने कहा कि छठ पर्व और २० नवंबर से शुरू होने वाले शादी के सीजन के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घरों की यात्रा करना चाहते हैं, लेकिन महंगे किराये के चलते उन्हें परेशानी हो रही है।सीटीआई के सर्वे के मुताबिक, दिल्ली से पटना का हवाई किराया करीब १८ हजार, दरभंगा का २० हजार, मुंबई का १५ हजार और बेंगलुरु का १६ से १८ हजार रुपये तक पहुंच गया है। वहीं, दिल्ली से अहमदाबाद का किराया करीब ११ हजार और हैदराबाद का ११ से १५ हजार रुपये तक हो गया है।सीटीआई ने सरकार से हवाई किराये की अधि. कतम सीमा तय करने, दूरी के आधार पर पारदर्शी किराया प्रणाली लागू करने, व्यस्त मार्गों पर उड़ानों की संख्या बढ़ाने और दो-तीन नई विमानन कंपनियां शुरू करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि विमानन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ने से यात्रियों को महंगे किराये से राहत मिल सकती है।

जेपी गंगा पथ से जुड़ेगा...

लंबाई 1.5 किलोमीटर है तथा इसके निर्माण पर 52.54 करोड़ रुपये की लागत निर्धारित है।इस परियोजना का कार्य पांच अप्रैल 2025 को प्रारंभ हुआ था। इस संपर्क पथ की शुरुआत पटना साहिब रेलवे स्टेशन से होती है और यह पटना घाट में जेपी गंगा पथ के पटना घाट संपर्कता पर समाप्त होता है। इस परियोजना के तहत अशोक राजपथ पर फ्लाईओवर का भी निर्माण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संपर्क पथ के निर्माण से पटना साहिब रेलवे स्टेशन की जेपी गंगा पथ से सीधी संपर्कता सुनिश्चित होगी। साथ ही अशोक राजपथ एवं मारूफगंज मंडी क्षेत्र में लगने वाले जाम की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी।यह संपर्क पथ दलहट्टा, चरखीपर सहित आसपास के क्षेत्रों को भी बेहतर सड़क संपर्कता प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त पटना साहिब रेलवे स्टेशन पर आरओबी के माध्यम से जेपी गंगा पथ को नए एनएच-30 से भी जोड़ा जाएगा।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को बेहतर सड़क एवं यातायात सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस संपर्क पथ के निर्माण से पटना सिटी के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम होगी।निरीक्षण के दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अनिमेष पराशर, नगर आयुक्त यशपाल मीणा, जिलाधिकारी कुंदन कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

14.78 करोड़ से संवरेगा...

संख्या में श्रद्धालु भगवान सूर्य की आराधना के लिए पहुंचते हैं।

मंदिर परिसर के विकास से धार्मिक पर्यटकों का आगमन बढ़ेगा। इससे स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को छठ महापर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों से शांति और सद्भाव के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि भगवान सूर्य ऊर्जा के शाश्वत स्रोत हैं। छठ महापर्व लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है।पर्यटन विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया। उन्होंने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। परिसर में मंगल भवन (जी+1) का निर्माण कराया गया है। इससे शादी-विवाह और मांगलिक कार्यों में सहूलियत होगी। श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों को ठहरने एवं विश्राम की सुविधा मिलेगी।

छठ घाट का भी निर्माण किया गया है, जिससे लोगों को पर्व करने में सुविधा होगी। मंदिर परिसर की चहारदीवारी, पाथ-वे और मुख्य द्वार का आकर्षक ढंग से निर्माण हुआ है। ये कार्य पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और पर्यटन मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता उपस्थित थे। मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

अंडर-19 एशिया कप...

विकेट खोकर 337 रन बनाए। इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली लेकिन बीच के ओवरों में टीम ने विकेट गंवाए। हालांकि लक्ष्य के 80, आर्यवीर के 58 और फिर मनल चौहान और मोहित के बीच 9वें विकेट के लिए हुई साझेदारी ने मैच का रुख मोड़ दिया। आखिरी ओवर में भारतीय टीम को जीत के लिए 8 रनों की जरूरत थी लेकिन टीम के पास सिर्फ एक विकेट था। मोहित ने मैच की 300वीं गेंद पर छक्का लगाकर मैच अपने नाम कर लिया।भारतीय टीम को आखिरी ओवर में जीत के लिए 8 रन चाहिए थे और क्रीज पर आखिरी जोड़ी मौजूद थी। पाकिस्तान ने आखिरी ओवर के लिए अहमद हुसैन को गेंद सौंपी। उनके ओवर की पहली गेंद पर मोहित उल्वा कोई रन नहीं बना सके और इस पर पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने स्टंपिंग की अपील भी की। इसके बाद एक गेंद वाइड रही। भारत को अब जीत के लिए 7 रन चाहिए थे। दूसरी गेंद पर मोहित ने एक रन लिया और स्ट्राइक रोटेट किया। चिगुरुपति वेंकट ने तीसरी गेंद पर एक रन बनाया। चौथी गेंद पर मोहित बड़ा शॉट नहीं खेल सके और एक बार फिर वेंकट स्ट्राइक पर आ गए। अंतिम दो गेंद पर भारत को जीत के लिए चार रन चाहिए थे। पांचवीं गेंद पर भी एक रन ही बना सके। अंतिम गेंद पर भारत को जीत के लिए तीन रन चाहिए थे। आखिरी गेंद पर मोहित उल्वा ने चौका लगाकर भारत को चैंपियन बनाया।

इससे पहले 49वें ओवर में मोहित उल्वा ने पहली गेंद पर चौका और दूसरी गेंद पर छक्का लगाया। इसके बाद चौथी गेंद पर वेंकटा ने चौका मारा। जिसकी बदौलत भारत ने 49वें ओवर में 17 रन बटोरे।उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंडर-19 एशिया कप में शानदार जीत पर भारतीय टीम को बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 'आप पर बहुत गर्व है।' इस पोस्ट में प्रधानमंत्री ने युवा क्रिकेटरों की तारीफ की। प्रधानमंत्री ने लिखा कि भारतीय क्रिकेट के लिए शानदार दिन! आज के शानदार प्रदर्शन और पुरुषों की अंडर-19 एशिया कप 2026 जीतने के लिए हमारे युवा क्रिकेटर्स पर अत्यंत गर्व है। उनकी सफलता कई युवाओं को प्रेरित करेगी। टीम को उनके आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

प्राइवेट बैंकों में नहीं...

5659 बैंक शाखाएं हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि 12 राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं की संख्या अधिक होने के कारण सरकारी राशि इन्हीं बैंकों में रखना उचित है। निजी बैंकों का विस्तार मुख्य रूप से शहरी क्षेत्रों में हुआ है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी शाखाएं नगण्य हैं। निर्देश में बच्चों के बैंक खातों को लेकर भी महत्वपूर्ण व्यवस्था की गयी है। इसके तहत सभी बच्चों का बैंक खाता होना चाहिए। साथ ही सभी बच्चों का अपने अभिभावक के साथ संयुक्त बैंक खाता (ज्वाइंट अकाउंट) खोलने का निर्देश दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी राशि रखने के संबंध में कहा गया है कि निजी बैंक इस अभियान में योगदान देते हैं, तभी वहां राशि रखने पर विचार किया जाना चाहिए। शिक्षा विभाग ने अपने निर्देश में वित्त विभाग के सात मई 2018 के पत्र का भी उल्लेख किया है। इसके अनुसार वर्ष 2009 में पैक्स में अनियमितता सामने आने के बाद सहकारी पैक्स में सरकारी राशि जमा नहीं करने का निर्देश दिया गया था। वहीं, वर्ष 2017 में भागलपुर में सृजन घोटाला उजागर होने के बाद पैक्स और अन्य निजी संस्थाओं में सरकारी राशि जमा करने पर फिर से प्रतिबंध लगाया गया था। विभाग का कहना है कि समय के साथ इन निर्देशों की अनदेखी हुई और विभिन्न स्तरों पर इनमें शिथिलता भी बरती गयी। विभाग ने कहा है कि सरकारी राशि के सुरक्षित और पारदर्शी प्रबंधन के लिए एसएनए-स्पर्श-डीबीटी-एचआरएमएस के तहत भी निर्देश दिये जा रहे हैं। भविष्य में यदि निजी बैंकों की शाखाएं पंचायत स्तर पर खुलती हैं, तो राशि के स्थानांतरण पर विचार किया जा सकेगा. फिलहाल सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन प्राप्त इस व्यवस्था को 30 नवंबर तक लागू करने का निर्देश दिया गया है।

प्राथमिक और माध्यमिक...

को 717 करोड़ 16 लाख 86 हजार 138 रुपये तथा माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत 557 करोड़ 3 लाख 21 हजार 667 रुपये आवंटित किये गये हैं। इस प्रकार दोनों मदों में कुल 1274 करोड़ 20 लाख 7 हजार 805 रुपये की राशि आवंटित की गयी है। इसमें से शिक्षक प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिए राशि स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया है। निर्देश के अनुसार, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के तहत खेलकूद, यूथ एवं इको क्लब, विज्ञान प्रदर्शनी और पुस्तक मेला (प्रखंड एवं जिला स्तर) के आयोजन के लिए आवंटित राशि में से निर्धारित राशि वापस ली जायेगी। इसके बाद इसे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बिहार शिक्षा संस्थान, प्राथमिक शिक्षक शिक्षा महाविद्यालय और शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा। इन संस्थानों में संचालित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर राशि खर्च की जायेगी। माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण मद की विवरणी के अनुसार पटना जिले के लिए कुल 1 करोड़ 45 लाख 40 हजार रुपये उपलब्ध कराये गये हैं। भागलपुर के लिए 70 लाख 15 हजार रुपये, गया के लिए 1 करोड़ 31 लाख 45 हजार रुपये, मुजफ्फरपुर के लिए 1 करोड़ 22 लाख 17 हजार 500 रुपये और दरभंगा के लिए 1 करोड़ 7 लाख 32 हजार 500 रुपये की राशि दर्शायी गयी है।

अयोध्या से जनकपुर धाम...

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के प्रधानम